**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–23.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में झारखंड के एक दर्जन से अधिक विद्यार्थी सफल, दुमका के सौरभ सिन्हा 49वां रैंक लाकर पूरे राज्य में अव्वल, बोकारो के अखबार विक्रेता के पुत्र राजकुमार महतो ने भी मारी बाजी।**

2. **जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी हमले के बाद रांची में विशेष सतर्कता, रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट पर आने–जाने वालों पर कड़ी निगरानी।**

3. **पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार 26 को, रांची महाधर्मप्रांत में नौ दिनों का शोक, आर्चबिशप हाउस में दी गयी श्रद्धांजलि।**

4. **मौसम विभाग ने आज से पूरे राज्य में लू चलने का जारी किया येलो अलर्ट, लोगों को सचेत रहने की सलाह।**

5. **रांची में तीन से पांच मई तक होने वाली सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्थगित, जल्द की जायेगी नयी तिथि की घोषणा।**

******************

संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में झारखंड से एक दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। दुमका के प्रोफेसर सौरभ सिन्हा ने 49वां रैंक लाकर पूरे राज्य में पहला स्थान हासिल किया है। रांची के विद्यांशु शेखर झा ने देशभर में 59वां स्थान हासिल किया है। रांची में पढ़ी संस्कृति द्विवेदी को देशभर में 17 वां रैंक मिला है। रामगढ़ के वैभव कुमार, जमशेदपुर के ऋत्विक मेहता और इशिका सिंह, देवघर के करण कुमार और आदित्य केशरी, बोकारो के सौरभ राजेंदु, लातेहार के विपुल कुमार गुप्ता, गढ़वा की छाया कुमारी, गिरिडीह के प्रवीण कुमार और रांची के दिव्यांशु शांडिल्य ने भी इस परीक्षा में सफलता हासिल की है। बोकारो के एक अखबार विक्रेता रामपद महतो के पुत्र राजकुमार महतो ने भी देश की इस शीर्ष प्रतियोगिता में बाजी मारी है।

******************

हजारीबाग के बरही प्रखंड के जरहिया गांव की रहने वाली आस्था शरण ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 354वां रैंक हासिल किया है। आस्था शरण एयरफोर्स से सेवानिवृत्त शिव शरण की पुत्री हैं। आस्था की सफलता से उनका पूरा परिवार बेहद खुश है। आस्था कहती हैं कि प्रशासनिक अधिकारी बनकर वह शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना चाहेंगी।

******************

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर रांची में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रेलवे स्टेशनों और एयरपोर्ट पर आने–जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। रांची रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ के जवान गहन छानबीन कर रहे हैं जबकि एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि कल पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की मौत हो गयी।

******************

पहगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यह हमला इंसानियत को झकझोर देने वाला है। श्री सोरेन में मृतकों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

******************

जमशेदपुर में करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सिंह के हत्यारों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पायी है। इस बीच करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज शेखावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी किशोर कौशल और नगर पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री शेखावत ने कहा कि हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस को एक हफ्ते का समय दिया गया है।

******************

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार 26 अप्रैल को होगा। इधर, आर्चबिशप विसेंट आइंद ने रांची महाधर्मप्रांत में नौ दिनों के शोक की घोषणा की है। आर्चबिशप हाउस में फादर असीम सहित अन्य पुरोहितों, धर्मबहनों और कर्मियों ने पोप के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

******************

सिमडेगा जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसमें उत्पाद विभाग और पुलिस को सफलता भी मिल रही है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–**

- कोडरमा जिले में कम दाम की किताबों पर रिप्रिंट कर उसे अधिक मूल्य पर बेचने का मामला सामने आया है। इस सिलसिले में एसडीओ रिया सिंह के नेतृत्व में शर्मा बुक सेंटर की दुकान, गोदाम और आवास पर छापेमारी की गई, जिसमें मूल्य रिप्रिंट किये जाने की पुष्टि हुई है।
- रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में योजना के लाभुकों की आधार सीडिंग, भौतिक सत्यापन और अनुश्रवण पर चर्चा की गई।
- रिम्स निदेशक को हटाये जाने के मामले में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं।

******************

मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने आज से पूरे राज्य में लू चलने की आशंका जतायी है। इसे देखते हुए लोगों को सचेत रहने की सलाह दी गयी है। मौसम विभाग ने लू की स्थिति को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। गौरतलब है कि राज्य के लगभग सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर चला गया है।

******************

रांची में तीन से पांच मई तक होने वाली साउथ एशियन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्थगित कर दी गयी है। आयोजन की नयी तिथि की घोषणा बाद में की जायेगी। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के सचिव संदीप मेहता ने पत्र जारी कर बताया कि पाकिस्तान के खिलाड़ियों को वीजा नहीं मिल पाने के कारण फिलहाल यह चैंपियनशिप टाल दी गयी है।

<u>******************</u>

कोडरमा के झुमरी तिलैया स्थित सीएच स्कूल मैदान में कोडरमा कबड्डी लीग की शुरुआत हो गयी है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में 10 टीम हिस्सा ले रही है, जिनमें चार महिला टीमें और 6 पुरुष टीमें शामिल हैं।मौके पर द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित टीम इंडिया के चीफ कोच बलवंत सिंह ने कहा कि कबड्डी का जुनून सर चढ़कर बोल रहा है और इसमें छोटे–छोटे जगहों से निकल कर खिलाड़ी विश्व पटल पर देश का नाम रौशन कर रहे हैं।

<u>******************</u>

**<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– धर्म पूछकर नरसंहार, 26 पर्यटक मारे।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसाइयों और विशेषज्ञों से मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– वन भूमि घाटोले में ईडी की झारखंड व बिहार के 17 ठिकानों पर छापेमारी।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– सोना पहली बार एक लाख रुपये के पार।

अंग्रेजी अखबार **हिन्दुस्तान टाइम्स** ने उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के हवाले से लिखा है–कोई भी संस्था संसद से ऊपर नहीं।

**द टाइम्स ऑफ इंडिया** ने यूपीएससी परीक्षा में पहले, दूसरे और चौथे स्थान पर महिलाओं द्वारा बाजी मारे जाने की खबर को को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

**<u>*********</u> समाप्त <u>*********</u>**